खबर संक्षेप

युवक के साथ 28 हजार रूपये की धोखाधड़ी

कटनी। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गायत्री नगर में रहने वाले एक व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी की घटना हुई। जानकारी के अनुसार गायत्री नगर निवासी रत्नेश कुमार तिवारी 47 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके खाते से 28,275 रुपये की राशि पार कर दी। पीड़ित को जब अपने साथ हुई इस वित्तीय ठगी का अहसास हुआ, तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। रत्नेश की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीकृत कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद से आरोपी के बैंक खातों, लेनदेन के विवरण और कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स के आधार पर जालसाज का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

40 हजार रूपये कीमती जेवरात हुये चोरी

कटनी। बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोहरवारा में चोरों ने एक सूने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर चंपत हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार लोहरवारा निवासी मीनाबाई रजक 35 वर्ष के मकान में 4 अक्टूबर की रात अज्ञात चोर घुसे। परिजनों को भनक लगे बिना शातिर बदमाशों ने कमरे में रखे कीमती जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो कमरे का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा देखा, जिसके बाद चोरी की घटना का खुलासा हुआ। चोरों ने 1 चाँदी का ब्रेसलेट, 02 जोड़ी पायल, 06 नग चाँदी की बिछिया, 01 जोड़ छलबल, 01 जोड़ चाँदी के पायल बोरागसी, 01 जोड़ सामान्य चाँदी के पायल और 01 नग चाँदी की बेड़ी, 02 नग सोने की नाक की खूंटी और 04 नग सोने के लॉकेट चोरी कर लिये। चोरी गए कुल जेवरातों का अनुमानित मूल्य 40,000 आंकी गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीकृत किया है।

आपसी विवाद में प्रौढ़ पर चाकू से किया हमला

कटनी। बाकल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अगौध में आपसी विवाद को लेकर एक अधेड़ पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। वारदात में पीड़ित व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार चतुर सिंह 53 वर्ष पर 04 अक्टूबर की शाम करीब 4:30 बजे गांव के ही गैलू यादव ने अचानक हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। विवाद इतना बढ़ गया कि आपा खोकर गैलू यादव ने चाकू निकाला और चतुर सिंह पर वार कर दिया। अचानक हुए इस हमले में चतुर सिंह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। आसपास के लोगों को आता देख आरोपी मौके से भाग निकला। घटना के बाद पीड़ित चतुर सिंह की शिकायत पर बाकल थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वारदात में इस्तेमाल किया गया छोटा चाकू भी जब्त कर लिया है।

आज निकलेगी भव्य सेवा ज्योति कलश यात्रा

कटनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण किए जाने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कटनी जिले में बुधवार, 07 अक्टूबर को भव्य सेवा ज्योति कलश यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9.00 बजे कृषि उपज मंडी परिसर, पन्ना रोड, कटनी में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम से लाइव जुड़कर कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को संबोधित करेंगे।

ग्राम पंचायत कौड़िया का मामला, तहसीलदार को सौंपी शिकायत

सरकारी भूमि पर कब्जा कर खेती करने हजारों पेड़ -पौधों की कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद





पर्यावरण का संरक्षण व संवर्धन बनाये रखने के लिए वृहद स्तर पर पौधेरोपण किया जा रहा है लेकिन पर्यावरण को लेकर की जाने वाली मेहनत पर कुछ लोगो द्वारा पानी फेरा जा रहा है। मामला स्लीमनाबाद तहसील की ग्राम पंचायत कौड़िया का सामने आया है जहाँ खसरा नंबर 1753 जो कि छोटे झाड का जंगल है,जहाँ वन विभाग के द्वारा वृहद स्तर पर पौधेरोपण किया गया था। उक्त सरकारी नर्सरी पर लगे हजारों हरे भरे पेड़ पौधो का कत्लेआम कर दिया गया जिससे चारो ओर हरियाली से आच्छादित नर्सरी अब वीरान लग रही है।

उक्त मामला स्थानीय ग्रामीणों द्वारा संज्ञान मै लाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि कौड़यिा स्थित भूमि खसरा न.1753 जिसका रकबा 8 से 10 एकड़ के आसपास है। उक्त खसरा नंबर पर वन विभाग द्वारा गड्ढे खोदकर पौधेरोपण किया गया था जिसमें आम, अमरुद, सागौन, बांस आदि पौधे लगाए गए थे जो पेड़ के आकार मै परिवर्तित होने लगे थे लेकिन वर्तमान में गाँव के कुछ लोगों की मिलीभगत से बाहरी व्यक्तियों के द्वारा दबँगता पूर्वक सरकारी नर्सरी के अंदर के पेड़ पौधे काटकर भूमि की सफाई कर खेती के लिए कब्जा किया जा रहा है।

उक्त खसरा नंबर के आसपास अनवर खान व भोला मौर्य के द्वारा जमीन खरीदी गईं है, जिनके द्वारा सरकारी भूमि पर भी कब्जा किया जा रहा है ओर खेती करने सरकारी नर्सरी से हरे भरे पेड़ पौधो का कत्लेआम किया गया है। यदि जल्द से जल्द इन अवैध कब्जा करने वाले लोगों पर कार्रवाई नहीं की जाती तो फिर पूरी सरकारी नर्सरी से पेड़ -पौधे काटकर अलग कर दिए जायेंगे !साथ ही उक्त रकबा से ही गाँव का निस्तारी मार्ग हैं जिसे बंद कर खेती की जा रही हैं। मवेशियों को चरने के लिए चरनोई भूमि तक नहीं बची हैं।

इनका कहना है

इस संबंध में तहसीलदार आकाशदीप नामदेव का कहना है कि ग्राम पंचायत कौड़िया में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा व पेड़ पौधो को काटकर खेती करने सरकारी भूमि पर कब्जा करने का मामला संज्ञान में आया है। हल्का पटवारी को जाँच के लिए आदेशित किया गया है।

जाँच प्रतिवेदन उपरांत सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के साथ अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

60 लीटर शराब सहित बाइक किया जब्त, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बड़वारा पुलिस ने 60 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब परिवहन में इस्तेमाल की जा रही बिना नंबर की होंडा साइन मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं डीएसपी हेडक्वार्टर रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था। इसी क्रम में 5 अक्टूबर 2026 को भ्रमण के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम लखाखेरा बैरागी हार, पुरानी डामर की पक्की सड़क के पास एक व्यक्ति नीले रंग की बिना नंबर की होंडा साइन मोटरसाइकिल पर प्लास्टिक के गुम्मों में बड़ी मात्रा में शराब लेकर ग्राहकों के इंतजार में खड़ा है।

सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम समय लाल कोल, पिता सोनेलाल कोल, उम्र 26 वर्ष, निवासी छुहाई टोला चंदिया, थाना चंदिया, जिला उमरिया बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से चार प्लास्टिक के गुम्मे बरामद किए। प्रत्येक गुम्मे में करीब 15 लीटर शराब भरी थी। जांच में कुल 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 12 हजार रुपये बताई गई, बरामद हुई। शराब के संबंध में आरोपी के पास कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज नहीं मिला।

पुलिस ने आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर शराब और मोटरसाइकिल जब्त की। बाद में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई तथा उसे न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि सुयश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक पवनराज, आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी एवं आरक्षक बृजलाल प्रजापति की विशेष भूमिका रही।

युवाओं को शिक्षा, कौशल, नवाचार और नेतृत्व के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को भोपाल स्थित लाल परेड ग्राउंड में आयोजित सीएम यूथ कॉनक्लेव 2026 में प्रदेश के युवाओं से संवाद करते हुए रोजगार, कौशल विकास, स्वरोजगार, उद्यमिता एवं नवाचार सहित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स, ड्रोन, सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) जैसी उभरती तकनीकों के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं पर चर्चा की।

इस अवसर पर शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी में विद्यार्थियों को कार्यक्रम से जोड़ने के लिए सीएम यूथ कॉनक्लेव का सीधा प्रसारण महाविद्यालय के सभी ई-क्लासरूम में किया गया। विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता की और मुख्यमंत्री के संवाद को ध्यानपूर्वक सुना। विद्यार्थियों ने रोजगार, कौशल, उद्यमिता और नई तकनीकों के माध्यम से अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के संकल्प के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई ने कहा कि "आज का युवा तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सीएम यूथ कॉनक्लेव के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार, कौशल विकास, स्वरोजगार और उद्यमिता के साथ एआई, रोबोटिक्स, ड्रोन एवं अन्य उभरती तकनीकों में भविष्य की संभावनाओं को समझने का अवसर मिला है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित करने और आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। महाविद्यालय का प्रयास है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल और अवसरों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए।"

महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस सीधा प्रसारण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रदेश के युवाओं के लिए संचालित योजनाओं, रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं तथा भविष्य की तकनीकों से जोड़ना रहा। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को युवाओं के लिए प्रेरणादायी एवं उपयोगी बताया।

4 प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिये चयन



शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर, कटनी में मंगलवार को जिला स्तरीय मोगली बाल उत्सव का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सच्चिदानंद पांडे के निर्देशानुसार आयोजित उत्सव में जिले के सभी विकासखंडों से कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मोगली बाल उत्सव के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के उपरांत राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए जिला स्तर से प्रतिभागियों का चयन किया गया। कनिष्ठ वर्ग में रीठी विकासखंड के यश यादव एवं आराधना यादव का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। जबकि वरिष्ठ वर्ग में बड़वारा विकासखंड से शाहबानो एवं आकाश दुबे का चयन किया गया। चयनित प्रतिभागी आगामी राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बरहटा की पंचवन नर्सरी बदहाल, पेड़ों की कटाई, सुरक्षा फेसिंग भी हुई गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच कर कार्यवाही करने की गई मांग

ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बढ़हटा में लाखों रुपये की लागत से तैयार की गई सरकारी 'पंचवन' नर्सरी इन दिनों बदहाली और कथित अवैध गतिविधियों को लेकर चर्चा में है। ग्रामीणों ने नर्सरी की जमीन पर पेड़ों की कटाई, सुरक्षा फेंसिंग गायब होने और अवैध रेत परिवहन के लिए रास्ता बनाए जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

अतिक्रमण के भी प्रयास

ग्रामीणों के अनुसार पिछली पंचायत के कार्यकाल में नर्सरी की सुरक्षा के लिए लगाई गई तार बाउंड्री अब मौके से गायब है। इसके चलते नर्सरी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि नर्सरी में लगे यूकेलिप्टस सहित बड़े पेड़ों को आरा मशीनों से काटा जा रहा है। पेड़ों की कटाई के बाद नर्सरी की जमीन पर अतिक्रमण कर खेती करने का प्रयास किए जाने की बात भी ग्रामीणों ने कही है।

ग्रामीणों का सबसे गंभीर आरोप नर्सरी के बीच से बनाए गए नए रास्ते को लेकर है। उनका कहना है कि इस रास्ते का इस्तेमाल पास की नदी से रात के समय रेत से लदे ट्रैक्टरों को निकालने के लिए किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि नर्सरी की भूमि का इस्तेमाल अवैध रेत परिवहन के लिए रास्ते के रूप में किया जा रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय प्रभावशाली लोगों की कथित मिलीभगत या मूक सहमति के बिना सरकारी नर्सरी में इस तरह की गतिविधियां लंबे समय तक संभव नहीं हैं।

कार्यवाही करने की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, वन विभाग और संबंधित अधिकारियों से नर्सरी की तत्काल जांच, सीमांकन और भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है। साथ ही पेड़ों की कटाई, फेंसिंग गायब होने और अतिक्रमण के आरोपों की जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

बीएलओ घर घर पहुंचकर एकत्र करेंगे दस्तावेज, मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एसआईआर में छूटा नाम दस्तावेज देकर मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे पात्र मतदाता

जिले में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के दौरान अनमैप्ड अथवा तार्किक विसंगतियों के कारण नोटिस जारी होने और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने से जिन पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से रह गए हैं, उनके नाम पुनः मतदाता सूची में दर्ज कराने की प्रक्रिया की जाएगी। इसी कडी में मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री संजीव कुमार झा ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से निर्वाचन अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रमोद चतुर्वेदी उपस्थित थे।

एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के दौरान अनमैप्ड अथवा तार्किक विसंगतियों के कारण नोटिस जारी होने और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने से जिन पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से छूट गए हैं, उनके नाम पुनः मतदाता सूची में शामिल करने बीएलओ द्वारा घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान पात्र व्यक्तियों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए जाएंगे, ताकि पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज किए जा सकें। इसके साथ ही रैन बसेरों, श्रमिक बस्तियों तथा बेघर एवं वंचित वर्ग के व्यक्तियों के नामांकन के लिए आवश्यकतानुसार विशेष शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। एसआईआर के दौरान किसी कारणवश मतदाता सूची में नाम जुड़ने से रह गए पात्र व्यक्ति बीएलओ के संपर्क अभियान के दौरान आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराकर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। मतदाता सूची में नाम जोडने के लिए किसी भी आवेदक को फार्म-6 के साथ कोई घोषणा पत्र नही देना है।

ऐसे युवा, जिनकी आयु 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे भी अपने नजदीकी मतदान केंद्र के बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 भरकर प्रस्तुत कर सकते हैं। पात्र नागरिकों एवं नए मतदाताओं से अपील की गई है कि वे बीएलओ के घर-घर संपर्क अभियान के दौरान आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। जिले के सभी 4 विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों पर 7, 8 एवं 9 अक्टूबर को बीएलओ द्वारा शिविर लगाकर पात्र मतदाता के नाम जोड़ने के लिए फार्म -06 भरवाया जाएगा। 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नये मतदाता के नाम मतदाता सूची में शामिल करने एडवांस में फार्म -06 भरवाए जाएंगे।

मतदाता अपने मोबाईल पर ईसीआईनेट एप्प के माध्यम से या ऑनलाईन मतदाता सूची में उसका नाम शामिल है या नही यह पता लगा सकता है। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नही है वे ऑनलाईन भी ईसीआईनेट एप्प के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

कटनी मार्बल एसोसिएशन के गठन पर भी हुई चर्चा

कटनी मार्बल को जीआई टैग दिलाने प्रक्रिया पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कटनी के उच्च गुणवत्ता वाले मार्बल को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग दिलाने की दिशा में कलेक्टर आशीष तिवारी की पहल पर मंगलवार को जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कटनी में मार्बल इकाई संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती ज्योति सिंह चौहान एवं जिला खनिज अधिकारी श्री रत्नेश दीक्षित सहित जिले की विभिन्न मार्बल इकाइयों के संचालक उपस्थित रहे।

जीआई टैग की प्रक्रिया और संगठन गठन पर चर्चा

बैठक में अधिकारियों द्वारा जीआई टैग प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा आवेदन प्रक्रिया में मार्बल इकाई संचालकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। जीआई आवेदन में सह-आवेदक के रूप में शामिल होने के लिए जिले की मार्बल इकाइयों का संगठन 'कटनी मार्बल एसोसिएशन' गठित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। संगठन को मध्यप्रदेश सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 के अंतर्गत पंजीकृत कराने की प्रक्रिया पर चर्चा हुई।

राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी विशिष्ट पहचान

जीआई टैग मिलने से कटनी मार्बल को उसके भौगोलिक मूल स्थान के नाम से विशिष्ट कानूनी पहचान और संरक्षण प्राप्त होगा। इससे अन्य क्षेत्रों के मार्बल को 'कटनी मार्बल' के नाम से बेचे जाने पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। प्रमाणित पहचान से उत्पाद की साख और बाजार मूल्य बढ़ने के साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी मांग और विश्वसनीयता को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है।

निर्यात और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

जीआई टैग मिलने से कटनी मार्बल के निर्यात के नए अवसर विकसित होने के साथ खनन, कटाई, पॉलिशिंग एवं व्यापार से जुड़े श्रमिकों और उद्यमियों को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे कटनी जिले की औद्योगिक पहचान मजबूत होगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिये चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़



विजयराघवगढ़ क्षेत्र में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिये चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 1 से 12 तक अध्ययन रत समस्त दिव्यांग बच्चों के लिए शिविर मे दृष्टी वाधित, श्रवण वाधित अस्थि वाधित , नेत्र जांच मानशिक पंजियन काऊँटर पर पात्र बच्चों का रजिस्ट्रेशन कर जिला मेडिकल बोर्ड से आये अनुभवी चिकित्सको की टीम द्वारा बच्चों की जांच कर प्रमाण पत्र डिजिटल बनाये गए एवं सभी पात्र दिव्यांग बच्चों को उपकरण के लिए चिन्हित किया गया।

शिविर में विकाशखण्ड शिक्षा अधिकारी ए के कोरी विकाशखण्ड स्त्रोत समन्वयक सी एस मरकाम एम आर सी पवन पारासर जिला दिव्यांग प्रभारी एपीसी अनिल त्रिपाठी बी ए सी महेंद्र मिश्रा मनोज दुबे रविप्रकाश डेहरिया सी ए सी संदीप मिश्रा अजय मिश्रा के साथ शिविर में उपस्थित समस्त शिक्षक शिविर में उपस्थित दिव्यांग बच्चो एवं शिविर में दृष्टि वाधित हेतु 31 मूक बधिर हेतु 38, मानशिक वाधित 45 अस्थि वाधित हेतु 63 बच्चों के रजिस्ट्रेशन 3 बजे तक किये गए जिनकी जांच उपरांत डिजिटल प्रमाण पत्र वितरित किये गए। पात्र बच्चों को उपकरण के लिए चिन्हित किया गया आने वाले बच्चों के पंजीयन कर जांच की कार्यवाही की गई। शिविर में बच्चों का पंजियन कर डिजिटल प्रमाण पत्र बनवाने के साथ उपकरण के लिए चिन्हित किया जावेगा।

खबर संक्षेप



जिजनौडी में स्वच्छता एवं वृद्धजन सम्मान कार्यक्रम

विजयराघवगढ़। सेवा ही मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत आदर्श ग्राम जिजनौडी में स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सहभागिता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की गईं। राहत समर्पण सेवा समिति की सक्रिय सहभागिता से ग्राम जिजनौडी के यात्री प्रतीक्षालय परिसर की साफ सफाई की गई। इस दौरान ग्रामीणों को प्लास्टिक मुक्त ग्राम बनाने हेतु शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में वृद्धजनों का सम्मान किया गया तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जिजनौडी द्वारा सेवा संकल्प यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण और समाज के प्रति सेवा एवं जिम्मेदारी की भावना का संदेश दिया गया।इस अवसर पर ग्राम सरपंच उमाकांत तिवारी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष विष्णुकांत तिवारी, पंचायत सहायक अधिकारी गजल शर्मा, ग्राम पटवारी श्रीमती नेहा गर्ग, राहत समर्पण सेवा समिति से शारदा प्रसाद साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती काजल समदड़िया सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सोयाबीन उपार्जन हेतु 17 अक्टूबर तक होगा पंजीयन

कटनी। खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन फसल के उपार्जन के लिए किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन किया जा रहा है। किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले में सोयाबीन फसल के पंजीयन के लिए कटनी नगर तहसील के अंतर्गत विपणन सहकारी संस्था कटनी को पंजीयन संस्था निर्धारित किया गया है। समिति कार्यालय कटनी में किसानों का सोयाबीन फसल के लिए पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन का कार्य ई-उपार्जन पोर्टल पर शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। कलेक्टर श्री तिवारी ने संबंधित अधिकारियों एवं पंजीयन संस्था को निर्धारित समय-सीमा में शासन के निर्देशों के अनुरूप पंजीयन कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जुआ खेलते 3 पकड़ाए

कटनी। जुआ खेल रहे जुआरियों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। थाना माधवनगर पुलिस को सूचना मिली थी कि इमलिया रोड स्थित आम रास्ते पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने त्वरित दबिश देकर तीन जुआरियों को घेराबंदी कर धर दबोचा। पकड़े गए जुआरियों में आकाश उर्फ बैला बजाज 34 वर्ष निवासी- राबर्ट लाईन, किशोर छंगानी 49 वर्ष निवासी- राबर्ट लाईन, कुम्हार मोहल्ला, सतीश कुशवाहा 44 वर्ष निवासी- कुम्हार मोहल्ला शामिल हैं। जुआरियों के पास से कुल 8,300 रूपये नगद जब्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

धरा गया सटोरिया

कटनी। थाना रंगनाथ नगर पुलिस ने सटोरिये को गिरफ्तार किया है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि भट्टा मोहल्ला स्थित महेंद्र कबाड़ी के खाली प्लॉट में सट्टा खिलाया जा रहा है। मौके पर दबिश देकर पुलिस ने सट्टा पट्टी लिख रहे आरोपी मनीष आरख (45 वर्ष), निवासी भट्टा मोहल्ला को हिरासत में लिया। आरोपी के पास से डायरी/पट्टी और 370 रूपये नगद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 4(क) जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।

हादसे में युवक की मौत

कटनी। बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सलैया छात्रावास के आगे रोड पर बीती देर रात एक सड़क दुर्घटना में 34 वर्षीय रविन्द्र सिंह गोंड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। अत्यधिक रक्तस्राव और गंभीर चोटों के कारण उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मृतक के भाई ने बड़वारा थाने में दी। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जिले में हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाये जायेंगे सभी पर्व और त्यौहार

20 अक्टूबर को निकलेगा दशहरा चल समारोह बिजली के झूलते तारों को दुरूस्त करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सभी पर्वों और त्यौहारों को अमन, शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की जिले की गौरवशाली परंपरा के मुताबिक इस साल भी पर्वों व त्यौहारों को हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। सर्वसम्मति से यह निर्णय मंगलवार को कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला शांति समिति की बैठक में हुआ।

इस वर्ष 19 अक्टूबर को जवारा विसर्जन और 20 अक्टूबर को महाआरती के बाद शाम से दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इन सबके व्यवस्थित आयोजन को देखते हुये कलेक्टर श्री तिवारी ने नगर निगम को शहर की सड़कों की मरम्मत कर सुधार करने व प्रतिमा विसर्जन मार्गों में स्वचलित शौचालय और पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त सुझाव के मुताबिक सभी प्रतिमायें तय क्रम और मार्ग से ही निकलेंगी। साथ ही कलेक्टर श्री तिवारी ने जवारा विसर्जन और नवरात्रि में प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु समाजसेवियों, समितियों के प्रबंधकों और पदाधिकारियों से जिला प्रशासन व पुलिस के साथ सहयोग का आव्हान करते हुये बिजली विभाग के अधिकारियों को विसर्जन मार्गों में झूलते व लटकतें तथा कम ऊँचाई के बिजली के तारों को समय पर सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। कलेक्टर श्री तिवारी ने शांति समिति के सदस्यों को त्यौहारों में पुख्ता व मजबूत कानून व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया।

दुर्गा समितियां प्रतिमा स्थापना के पूर्व ही पंडाल के लिए अस्थाई विद्युत कनेक्शन प्राप्त कर लेंवे। कलेक्टर ने सभी अनुविभाग व पुलिस थाना स्तर पर भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दुर्गा समितियों की पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि बेहतर ट्राफिक व्यवस्था के साथ पूरे जुलूस मार्ग में सीसीटीव्ही कैमरे लगे रहेंगे। साथ ही प्रत्येक विसर्जन स्थल पर भी सीसीटीव्ही लगाया जाएगा। एसपी ने कहा कि पुलिस बल और सीमित संसाधनों के बाद भी बेहतर कानून व्यवस्था प्रदान की जायेगी। उन्होंने सभी समितियों से आग्रह किया गया है कि वे युवाओं को संयम के साथ त्यौहार मनाने के लिए प्रेरित करें। ताकि लोगों को किसी प्रकार से असुविधा न हो।

यह भी निर्णय हुआ

इको फ्रेंडली मिट्टी की दुर्गा प्रतिमायें स्थापित की जाय। प्रतिमा विसर्जन एवं पंडाल हेतु डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग हेतु संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, एसडीओपी, सीएसपी या पुलिस थाना से अनुमति प्राप्त करनी होगी। आजाद चौक से झंडा बाजार जुलूस मार्ग में तीन और 4 पहिया वाहनों को प्रतिबंधित करने का भी प्रस्ताव मिला।

बैठक में नवरात्रि, जवारा विसर्जन, दशहरा, दीपावली, गोवर्धन पूजा, गुरूनानक जयंती के आयोजन के मद्देनजर पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, एसडीएम कटनी जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर एवं एसडीएम विजयराघवगढ़ प्रमोद चतुर्वेदी, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित शुक्ला, अमर ताम्रकार, नवनीत गुप्ता सहित पुलिस, प्रशासन, बिजली व नगरनिगम के अधिकारी मौजूद रहे।



नागरिको की सुनी समस्याएं, शीघ्र निराकरण के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के अलग-अलग वार्डों से आए नागरिकों के लिए मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई अपनी बात सीधे महापौर तक पहुंचाने का माध्यम बनी। नगर निगम कार्यालय में हुई जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं, स्थानीय समस्याओं और अपेक्षित सुविधाओं से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी को अवगत कराया।

नागरिकों द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों में आवास, जलकर, अतिक्रमण, सड़क, नाली, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य विषय शामिल रहे। महापौर ने नागरिकों की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही प्रकरणों की स्थिति जानी और आवश्यकतानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान कई नागरिकों ने अपने वार्ड की परिस्थितियों और लंबे समय से महसूस की जा रही स्थानीय जरूरतों को भी साझा किया। महापौर ने कहा कि नागरिकों से प्राप्त सुझाव और क्षेत्रीय आवश्यकताओं की जानकारी नगर के विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायतें प्राप्त करना नहीं, बल्कि नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाना है। महापौर श्रीमती सूरी ने संबंधित शाखा प्रभारियों से कहा कि जनसुनवाई में सामने आए प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाए तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए उनकी प्रगति से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बहोरीबंद में कराया गया गोलियों का सेवन

बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल गोली कृमि संक्रमण से विकास होता है बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शिशु स्वास्थ्य पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ मंगलवार को बहोरीबंद विकासखण्ड मैं किया गया।जहां एक से 19 वर्ष तक के छात्र- छात्राओं को एल्बेंडाजोल (चबाने वाली मीठी गोली) 400 ग्राम का उम्र के अनुसार सेवन कराया गया।विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत महावीर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद में की गईं।

इस दौरान बीएमओ डॉ अनुराग शुक्ला, बीसीएम डॉ राबिन गुप्ता, प्राचार्य महेंद्र राय, सरपंच प्रतिनिधि ब्रजेश गुप्ता,सुपरवाइजर रविंद्र गर्ग,मनीष जैन उपस्थित रहे जहां शिक्षकों ने भी बच्चों को एल्बेंडाजोल का सेवन बच्चों को कराया। बीएमओ डॉ अनुराग शुक्ला ने कहा कि बच्चों में कृमि का संक्रमण व्यक्तिगत अस्वच्छता ओर संक्रमित मिट्टी के संपर्क से होता है। कृमि संक्रमण से बच्चों में शारीरिक एवं बौध्दिक विकास मैं बाधित होता है।जीवन मे स्वच्छता का बहुत महत्व है।कृमि के कारण पेट मे दर्द,दस्त, उल्टी,कमजोरी,भूख नही लगने जैसे लक्षण बच्चों मैं हो सकते है।इनसे बचाव के लिए हमेशा साफ पानी पीना चाहिए।नाखून साफ रखना चाहिए।शौचालय से आने के बाद ओर खाना खाने से पहले साबुन-पानी से हाथ धोना चाहिए।फल व सब्जियों को साफ पानी से धोकर खाना चाहिए। एल्बेंडाजोल की गोली से कृमि का नाश होता है।बच्चो के स्वास्थ्य व उनकी कार्य क्षमता में सुधार होता है।

बीपीएम अरुण शुक्ला ने बताया कि अभियान के अंतर्गत एक से 19 वर्ष तक के सभी विद्यार्थियों एवं किशोर- किशोरियों को उम्र के अनुसार एल्बेंडाजोल चबाने वाली मीठी गोली 400 ग्राम का सेवन शासकीय व अनुदान प्राप्त शालाओं,छात्रावासों, प्राइवेट स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से कराया जायेगा। आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 20 से 49 वर्ष की प्रजनन आयुवर्ग की महिलाओं (गर्भवती महिलाओ को छोडकर) एवं छूटे हुये बच्चों को मॉपअप के दौरान सेवन कराया जायेगा। बहोरीबंद विकासखण्ड में एक वर्ष से 19 वर्ष तक के 81 हजार बच्चों, छात्र- छात्राओं, किशोर एवं किशोरियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें मंगलवार को 62 हजार से अधिक को गोली सेवन कराया गया। माप अप दिवस का आयोजन 9 अक्टूबर को किया जाएगा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग है एवं कार्यक्रम का निष्पादन स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग व महिला बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

चित्रकला प्रतियोगिता से दिया गया जागरूकता संदेश



विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'नशा मुक्त भारत अभियान' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए चित्रों एवं प्रभावशाली स्लोगनों के माध्यम से नशामुक्त भारत का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने "नशे को ना, जिंदगी को हाँ!", "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो", "युवा शक्ति का यही संदेश—नशामुक्त हो अपना देश" तथा "नशा नहीं, शिक्षा चुनें; बेहतर भविष्य की ओर बढ़ें" जैसे संदेशों को अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। चित्रकला प्रतियोगिता में अंजली कोल ने प्रथम, आरुषी सचदेवा ने द्वितीय, रीता मार्को ने तृतीय तथा आभा कोरी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गईं तथा अन्य विद्यार्थियों को भी रचनात्मक, सामाजिक सरोकार एवं राष्ट्रहित से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया।

एसडीएम ने पंजीयन केंद्रों का किया निरीक्षण, पंजीयन की टटोली नब्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



राज्य शासन के आदेशानुसार खरीफ उपार्जन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर उपज विक्रय के लिए इन दिनों पंजीयन की प्रक्रिया चल रही हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर हैं। ऐसे में विकासखंड मै अधिक से अधिक पात्र किसानों का पंजीयन हो ओर बिचौलिए सक्रिय न हो इसके लिए बहोरीबंद एसडीएम श्लोक वाइकर नें मंगलवार को बहोरीबंद विकासखंड के पंजीयन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर नब्ज टटोली ओर किसानों से चर्चा भी की। एसडीएम नें शासकीय बहुउद्देशीय सहकारी समिति देवरी खरगंवा स्थित खरीफ सीजन प्रमुख फसल धान उपार्जन हेतु पंजीयन केन्द्र निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने धान पंजीयन की प्रक्रिया को समझा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही इस दौरान केन्द्र में धान पंजीयन कराने पहुंचे किसानों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान कुछ किसानों द्वारा समस्याएं बताई जिनका निदान करने हेतु संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए।

एसडीएम नें सख्त लहजे में कहा कि पात्र किसानों का ही पंजीयन करें, बिचौलियों को बढ़ावा न दे!पंजीयन कि प्रक्रिया मै तेजी लाये, जिससे निर्धारित अंतिम समयावधि तक सभी किसानों का पंजीयन हो सके। बताया गया कि अमगवाँ समिति मै अभी तक 216 किसानों का पंजीयन हुआ हैं!इसके पश्चात एसडीएम ग्राम पंचायत तिगंवा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचे ओर उचित मूल्य दुकान का स्टाक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान सहायक आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी नें बताया कि बहोरीबंद विकासखंड अंतर्गत सोमवार तक बहोरीबंद तहसील मै 5 हजार से अधिक ओर स्लीमनाबाद तहसील में 2 हजार से अधिक किसानों का पंजीयन हो चुका है।

स्वरोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से दिया गया प्रशिक्षण

विद्यार्थियों को बाजरा की उन्नत उत्पादन तकनीक, जैविक खेती और विपणन की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से जैविक कृषि का तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा आयोजित प्रशिक्षण के क्रम में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को श्री अन्न एवं मोटे अनाज की खेती तथा उनके उपयोग की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को श्री अन्न के अंतर्गत ज्वार, बाजरा, मक्का तथा लघु धान्य फसलों में कोदो, कुटकी, रागी और कंगनी सहित अन्य फसलों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञ ने बताया कि मोटे अनाज की फसलों का उत्पादन कम पानी और कम लागत में किया जा सकता है। पानी की कमी के साथ अधिक वर्षा की स्थिति में भी इन फसलों की सहनशीलता अपेक्षाकृत अधिक होती है। फसल खराब होने की स्थिति में इसका उपयोग पशुओं के चारे के रूप में भी किया जा सकता है, जिससे फसल अवशेषों को जलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती और पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में मदद मिलती है।

प्रशिक्षण में श्री अन्न बाजरा के उत्पादन की उन्नत तकनीक पर विशेष रूप से जानकारी दी गई। इसमें भूमि का चयन, खेत की तैयारी, बोनी का समय एवं विधि, बीज की मात्रा, उन्नत किस्मों का चयन, बीज एवं कल्चर उपचार, जैविक खाद का उपयोग, सिंचाई प्रबंधन, खरपतवार एवं नींदा नियंत्रण, अंतरवर्तीय फसल, कीट एवं रोग नियंत्रण, कटाई, गहाई तथा विपणन की तकनीकी जानकारी विद्यार्थियों को दी गई।

विशेषज्ञ ने बताया कि मोटे अनाज की फसलों में कीट एवं रोगों से लड़ने की क्षमता अधिक होती है तथा इनमें रासायनिक खाद और कीटनाशकों का उपयोग भी अपेक्षाकृत कम किया जा सकता है। इन फसलों में पोषक तत्वों की अच्छी मात्रा होती है, इसलिए संतुलित आहार के रूप में इनका महत्व बढ़ रहा है। प्रशिक्षण में बताया गया कि मोटे अनाज की खेती किसानों के लिए कम लागत में उत्पादन का बेहतर विकल्प बन सकती है। इनके लिए बाजार की संभावनाएं बढ़ रही हैं और उचित विपणन के माध्यम से किसानों को अच्छा मूल्य प्राप्त हो सकता है। विद्यार्थियों को मोटे अनाज के उत्पादन के साथ प्रसंस्करण, उपयोग एवं विपणन के माध्यम से स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी भी दी गई।

भूतपूर्व एवं शहीद सैनिकों का हुआ सम्मान समारोह

भूतपूर्व एवं शहीद सैनिकों के परिजनों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



बड़वारा के सामुदायिक भवन में शहडोल संदीय क्षेत्र की सांसद हिमान्द्री सिंह एवं बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में सेवा संकल्प अभियान के तहत देश के जांबाज पूर्व सैनिकों के साथ शहीद सैनिकों के वीर नारी एवं परिवार को सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में कटनी जिले के पूर्व सैनिकों की गरिमा में उपस्थिति रही सम्मान समारोह में शहडोल लोकसभा क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह एवं बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के साथ जिलाध्यक्ष दीपक टंडन ने अपनी उपस्थिति दी।

सर्वप्रथम परमानंद पटेल के स्मारक पर उनकी धर्म पत्नी बीर नारी मुन्नी बाई द्वारा पुष्प चक्र अर्पित किया गया पूर्व सैनिक प्रभारी संतोष दुबे के साथ सभी सैनिकों व बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के साथ समस्त जन प्रतिनिधियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। सभी सैनिकों के वीर नारियों और परिवार का स्वागत श्रीफल और साल भेंट करने के साथ किया गया। उपस्थित समस्त भूत पूर्व सैनिकों का सम्मान भी फूल बरसा कर और माला एवं गमछा से सांसद एवं विधायक तथा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। पूर्व सैनिक संतोष दुबे के द्वारा शहीद हुए सैनिकों की वीरगाथा का वर्णन करते हुए पूरे परिसर को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया गया। संपूर्ण परिसर भारत माता की जयकारों से गूंज उठा।

भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन ने संबोधित करते हुए सैनिकों के साथ हर समय उनका सहयोग करने की बात कही बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने अपने उद्बोधन में पूर्व सैनिकों और उनके शहीद परिवारों के साथ हर वक्त मदद देने का आश्वासन दिया एवं कहा कि देश के सैनिक सीमा पर जाते हैं और अपने देश की सुरक्षा के लिए हर समय तैनात रहते हैं उनकी वीरता और साहस को नमन करते हुए पूर्व सैनिकों के वर वधू और शहीद सैनिकों के वीर नारी और परिवार को 5100 रुपये की सहायता राशि प्रदान की तथा भूतपूर्व सैनिक सेवा संगठन जिला कटनी को एक लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की गई। शहडोल सांसद हिमान्द्री सिंह ने संबोधित करते हुए अभी हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे देश की सेना बहुत साहसी एवं पराक्रमी है जिन्होंने दुश्मन को 2 दिन के अंदर ही घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। पोइव में एयर स्ट्राइक के दौरान विंग कमांडर की अभिनन्दन की वापसी पर पूरा देश प्रधानमंत्री के साथ था इसी कारण उनकी वापसी हुई। राष्टगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

तंबाखू से होने वाले दुष्प्रभावों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक एवं धूम्ररहित तम्बाकू पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी), कोटपा-2003 तथा सार्वजनिक स्थलों को तम्बाकू मुक्त बनाने के संबंध में चर्चा की गई।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, जिला नोडल अधिकारी-एनटीसीपी डॉ. चांदनी रिमझा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला के दौरान धूम्ररहित तम्बाकू के दुष्प्रभावों, कानूनी प्रावधानों एवं तम्बाकू नियंत्रण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से "धूम्ररहित तम्बाकू जानलेवा है" विषय पर तैयार आईईसी सामग्री का विमोचन किया गया। इसके माध्यम से आमजन को धूम्ररहित तम्बाकू से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों तथा तम्बाकू नियंत्रण संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी।

एमपीवीएचए के संभागीय समन्वयक रोहित पालीवाल ने तम्बाकू नियंत्रण कानून एवं सार्वजनिक स्थलों को तम्बाकू मुक्त बनाने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कोटपा-2003 की धारा 5 के तहत तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन एवं प्रचार पर प्रतिबंध, धारा 6(अ) के तहत 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध तथा धारा 6(ब) के तहत शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध की जानकारी दी।

उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर थूकने से संबंधित नगर निगम एवं नगरपालिका प्रावधानों तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत खाद्य उत्पादों में तम्बाकू एवं निकोटीन के उपयोग पर प्रतिबंध की जानकारी भी दी। साथ ही तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान एवं तम्बाकू मुक्त गांव विकसित करने के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश एवं एसओपी से अवगत कराया।

जिला नोडल अधिकारी-एनटीसीपी डॉ. चांदनी रिमझा ने टोबेको सीजेशन सेंटर के माध्यम से तम्बाकू सेवन करने वाले व्यक्तियों को उपलब्ध परामर्श एवं तम्बाकू छोड़ने की सेवाओं की जानकारी दी।

कलेक्टर ने सभी विभागों को तम्बाकू नियंत्रण कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा उल्लंघन पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग को तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान तथा पंचायत विभाग को तम्बाकू मुक्त गांव विकसित करने के लिए निर्देश दिये।

खबर संक्षेप

शारदीय नवरात्रि व दशहरा पर्व को लेकर आजीविका भवन पवई में शांति समिति की बैठक संपन्न

पवई। आगामी शारदीय नवरात्रि दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर अनुविभागीय अधिकारी सुश्री समीक्षा जैन की अध्यक्षता में आजीविका भवन पवई में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी दुर्गा पंडालों में अग्निशमन यंत्र का होना,डीजे की अनुमति,गरबा पंडालों में महिलाओं की सुरक्षा के इंतजाम बिजली व्यवस्था के लिए एमपीईबी और साफ-सफाई की जिम्मेदारी नगर परिषद की रहेगी,किसी भी नई प्रतिमा स्थापना के साथ सभी समितियों को प्रशासन की अनुमति लेना,दुर्गा प्रतिमाओं का क्रम,चल जुलूस के साथ ही विसर्जन स्थल को लेकर भी विचार एवं सुझावों का आदान प्रदान किया गया। साथ ही माँ कलेही मंदिर की भी व्यवस्था ओ की चर्चा की गई ,इस अवसर नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत,मंडल अध्यक्ष सुश्री निधि पटेरिया एसडीओपी सुश्री शिवा पाठक, तहसीलदार रत्न राशि पाण्डेय,मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश उपाध्याय,थाना प्रभारी सुशील अहिरवार सहित खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, पत्रकार गण,दुर्गा उत्सव एवं शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

100 साल बाद लौटेंगे नौरादेही अभयारण्य में चीते

चीतों के स्वागत के लिए तैयार हुआ वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व, आज होगी शिफ्टिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व अब प्रदेश में वन्यजीवों की नई पहचान बनने जा रहा है यहां दुनिया की अनोखी बसाहट होगी जहां बड़ी बिल्लियों के परिवार बिग कैट फैमिली के तीन प्रमुख शिकारी बाघ तेंदुआ और अब चीता एक साथ रहेंगे दरअसल मध्यप्रदेश में चीता पुनर्स्थापना परियोजना का विस्तार अब बुंदेलखंड तक होने जा रहा है। प्रदेश के सबसे बड़े टाइगर रिजर्व वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नौरादेही) में कूनो नेशनल पार्क से दो चीते लाए जाएंगे जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दोनों चीतों को सॉफ्ट रिलीज बोमा में छोड़ेंगे आज पहले चरण में कूनो नेशनल पार्क से नर चीता थोलो और मादा चीता CCB-3 को नौरादेही लाया जाएगा चीता स्टीयरिंग कमेटी ने नौरादेही में कुल चार चीतों को बसाने की मंजूरी दी है।

रिजर्व में आज मुख्यमंत्री करेंगे चीतों को रिलीज

वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन अवसर पर आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नौरादेही पहुंचेंगे और यहां पर और चीता प्रोजेक्ट के तहत दोनों चीतों को निर्धारित सॉफ्ट रिलीज क्षेत्र में छोड़ेंगे। इस दौरान वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को पुरस्कार भी दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर टाइगर रिजर्व में तैयारियां की पूर्ण हो चुकी है प्रशासन और वन विभाग की ओर से सुरक्षा, निगरानी और अन्य व्यवस्थाएं कर ली गई है।

439 हेक्टेयर में तैयार किया गया बोमा

चीतों को सीधे खुले जंगल में छोड़ने के बजाय शुरुआत में करीब 439 हेक्टेयर के सॉफ्ट रिलीज बोमा में रखा जाएगा इसे पांच हिस्सों में तैयार किया गया है। चीतों की सुरक्षा के लिए पावर फेंसिंग और 24 घंटे निगरानी एवं ट्रैकिंग की व्यवस्था की गई है वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व करीब 2,340 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और क्षेत्रफल के लिहाज से मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। यहां खुले जंगल और घास के मैदान चीतों के लिए अनुकूल माने जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश में तीसरा चीता ठिकाना बना नौरादेही

नौरादेही में दो चीतों के आने के बाद मध्यप्रदेश में चीतों के तीन प्रमुख ठिकाने हो जाएंगे - कूनो नेशनल पार्क, गांधी सागर अभयारण्य और अब वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नौरादेही)। चीतों के आगमन को प्रदेश में चीता पुनर्स्थापना परियोजना के अगले चरण के तौर पर देखा जाएगा

चीतों के स्वागत की तैयारिया पूरी

चीतों की सुरक्षित बसाहट के लिए मुहाली रेंज में आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं। यहां दो प्रकार के बोमा (डोम) बनाए गए हैं पहले चरण में चीतों को क्वारेंटाइन बोमा में रखा जाएगा। यह अपेक्षाकृत आकार में छोटे हैं, ताकि चीतों के स्वास्थ्य, व्यवहार, संभावित बीमारियों और नए स्थान में सर्वाइवल का आंकलन किया जा सके 12 से 15 दिन तक क्वारेंटाइन में रखने के बाद चीतों को सॉफ्ट रिलीज बोमा में शिफ्ट किया जाएगा, जिसका क्षेत्रफल लगभग 80 से 100 हेक्टेयर होगा। चीतों की निगरानी और प्रबंधन के लिए करीब 100 वनकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

100 साल बाद लौट रहे चीते

बताया जाता हैं नौरादेही क्षेत्र के जंगलों में करीब एक सदी पहले चीते पाए जाते थे. उस समय इस क्षेत्र में बाघ और तेंदुए भी मौजूद थे. बाद में देश से चीते विलुप्त हो गए और इस क्षेत्र से भी उनका अस्तित्व समाप्त हो गया।

अब करीब 100 साल बाद एक बार फिर इसी प्राकृतिक क्षेत्र में चीतों को बसाया जा रहा है अगर यहां चीते सफलतापूर्वक अनुकूलित होते हैं, तो वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व देश में चीता संरक्षण का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बन सकता है।

अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में हो रही एक से बढ़कर एक प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

नगर में अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल धर्मशाला में रोजाना प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें महिलाएं एवं बच्चे बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। जहां तीसरे दिवस मंगलवार को दो प्रतियोगिता कढ़ाई से रूमाल सजाओ एवं इयर बड्स से आकृति बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन भोले फौजदार के संचालन में किया गया जिनमें कढ़ाई



से रूमाल सजाओ प्रतियोगिता में कुल 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसकी प्रायोजक श्रीमती मीना राजकुमार व्या रही एवं निर्णायक श्रीमती जया बजाज श्रीमती संजना बजाज एवं श्रीमती शिल्पा ग्रोवर रही द्वितीय प्रतियोगिता इयर बड्स से आकृति बनाओ प्रतियोगिता में कुल 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसकी प्रयोजक श्रीमती पूनम योगेश अग्रवाल दिवाले वाले निर्णायक श्रीमती पूजा ब्या श्रीमती शिप्रा गुलरिया एवं कुमारी प्रिय उपाध्याय रही।इसी क्रम में प्रतिदिन दो प्रतियोगिता पहले आओ इनाम प्रतियोगिता में श्रीमती सपना अग्रवाल दिवाले वाले विजेता रही। द्वितीय प्रतियोगिता एक मिनिट प्रतियोगिता जिसकी आयोजक श्रीमती मंजू ब्या रही जिसमें प्रथम श्रीमती आरती बिट्टल द्वितीय श्रीमती राजकुमारी अग्रवाल अन्नपूर्णा किराना एवं तृतीय श्रीमती स्नेह सुनील बजाज रही।प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु समाज अध्यक्ष श्री उमेश चन्द्र जी बजाज पंच श्री सुरेश फौजदार पंच श्री रवि अग्रवाल दिवाले वाले पंच श्री नंदकुमार अग्रवाल बीडी वाले महिला मंडल की ओर से अध्यक्ष श्रीमती रजनी सुरेंद्र अग्रवाल के अलावा बड़ी संख्या में महिलाओं युवाओं एवं स्वजातीय बन्धुओं की उपस्थिति रही।

नन्हे कलाकारों ने दिखाई रचनात्मकता



दमोह। टाइम्स पब्लिक स्कूल में कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों के लिए 'वेजिटेबल कलर प्रिंटिंग एक्टिविटी' का आयोजन किया गया। गतिविधि के दौरान बच्चों ने विभिन्न सब्जियों का उपयोग कर कागजों पर रंगों की सुंदर छाप बनाई। बच्चों ने आलू, भिंडी, शिमला मिर्च आदि सब्जियों की सहायता से आकर्षक आकृतियां और रंग-बिरंगे चित्र तैयार किए। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को सब्जियों के विभिन्न आकार, रंग एवं उनके उपयोग के बारे में रोचक जानकारी भी दी गई। रचनात्मक गतिविधि में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कल्पनाशीलता एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए गतिविधि को आनंददायक एवं ज्ञानवर्धक बनाया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार गतिविधि का उद्देश्य बच्चों को सब्जियों के प्रति जागरूक करने के साथ खेल-खेल मंर उनके ज्ञान और रचनात्मक कौशल का विकास करना था। इस तरह की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उन्हें पढ़ाई के साथ अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करती हैं।

फिट इंडिया योग एवं ध्यान मंत्र का आयोजन

तेन्दूखेड़ा। मंगलवार को नगर के शासकीय महाविद्यालय में सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत फिट इंडिया योग एवं ध्यान गतिविधि का आयोजन



किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री शंकर सिंह ठाकुर द्वारा की गई योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन श्री मेघ सिंह वर्मा द्वारा किया गया जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए योग एवं ध्यान गतिविधि में भाग लिया श्री वर्मा जी द्वारा योग एवं ज्ञान के विभिन्न लाभ एवं रोग मुक्त स्वस्थ जीवन यापन के लिए योग की महत्वता पर प्रकाश डाला फिट इंडिया योग एवं ध्यान कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता से योग एवं ध्यान द्वारा इसके आगामी स्वास्थ्य लाभ परिणाम के बारे में जानकारी प्राप्त की श्री यशवंत अहिरवाल द्वारा कार्यक्रम में ध्यान के अंतर्गत शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत रूप से छात्रों को बताया गया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सुनील गिरी एवं डॉ एन के निकोशे से द्वारा किया गया कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ के समस्त परिवार का सरहनी योगदान रहा

भगवान अपने भक्त की भावना देखते हैं, भौतिक संपत्ति नहीं - कमलेश्वरानंद जी

दमोह। प्रतिवर्षानुसार पितृपक्ष के पावन अवसर पर श्री शिव साईं धाम, बेलाताल टापू दमोह में पितरों के निमित्त आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के सातवें दिवस बुंदेलखंड के प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण एवं उनके परम मित्र सुदामा के पावन चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता संसार के लिए सच्ची मित्रता, प्रेम, त्याग और समर्पण का आदर्श है। सुदामा अत्यंत निर्धन होने के बावजूद भगवान श्रीकृष्ण के प्रति उनका प्रेम और विश्वास अटूट था। पत्नी के आग्रह पर सुदामा अपने बालसखा श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे और साथ में भेंट स्वरूप चिवड़ा लेकर गए। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने मित्र सुदामा का जिस आत्मीयता और प्रेम से स्वागत किया, वह भक्ति और मित्रता की अनुपम मिसाल है। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्त की भावना देखते हैं, भौतिक संपत्ति नहीं। सुदामा ने भगवान से कुछ नहीं मांगा, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने बिना मांगे ही उनके जीवन में सुख-समृद्धि प्रदान कर दी। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि निष्काम भक्ति और सच्चे प्रेम का फल भगवान स्वयं प्रदान करते हैं। कथा के दौरान ब्रज की फूलों की होली का भी मनोहारी आयोजन हुआ। भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। फूलों की वर्षा के बीच पूरा कथा पंडाल भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों एवं भजनों पर आनंद लेते हुए फूलों की होली का उत्सव मनाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के समापन अवसर पर पितरों की शांति, परिवार की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की मंगलकामना के लिए श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की।

विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



दमोह। श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में विगत दिवस अग्रवाल समाज दमोह द्वारा राजा मैरिज हॉल में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेदांता दि मेडिसिटी हॉस्पिटल, गुड़गांव (दिल्ली) के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा अग्रवाल समाज के बंधुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक जांचें एवं चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। समाज के बड़ी संख्या में अग्र बंधुओं ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। स्वास्थ्य शिविर में बीएमडी, एचबीए1सी, चेस्ट एक्स-रे, ईसीजी सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचों की सुविधा उपलब्ध कराई गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच रिपोर्ट के आधार पर स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में अग्रवाल समाज दमोह, तरुण मंच, महिला मिलन समिति, महिला महासभा एवं अग्रवाल जन जागरण समिति के सभी सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर को समाजहित एवं जनसेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया गया।

150 से अधिक मरीजों की हुई जांच, जरूरतमंदों को वितरित किए गए चश्मे



दमोह। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मानस भवन, दमोह में निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं उपकरण वितरण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने किया। साथ ही जबेरा , पथरिया, हटा में भी नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में 150 से अधिक मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। जांच के उपरांत मरीजों को उनकी आवश्यकता के अनुसार चश्मे उपलब्ध कराए गए। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सहित विभिन्न जनकल्याणकारी सेवाएं पहुंचाना है। आंखें मानव जीवन का महत्वपूर्ण अंग हैं और समय पर नेत्र परीक्षण होने से कई समस्याओं की पहचान प्रारंभिक अवस्था में की जा सकती है। ऐसे शिविरों के माध्यम से जरूरतमंद नागरिकों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ उन्हें आवश्यक उपकरण एवं चश्मे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और समय पर नेत्र संबंधी समस्याओं की पहचान कर उनका उपचार एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना रहा। सेवा कार्यों की यह श्रृंखला आगे भी निरंतर जारी रहेगी।नेत्र शिविर जिला प्रभारी संतोष रोहित ने कहा कि मान सेवा ही परम धर्म है। शिविर में आम जन नागरिकों का उत्साह देखने को मिला और 150 से अधिक मरीजों ने नेत्र परीक्षण का लाभ लिया। चिकित्सकों द्वारा प्रत्येक मरीज की जांच कर आवश्यक सलाह दी गई तथा जिन मरीजों को चश्मे की आवश्यकता थी, उन्हें चश्मे वितरित किए गए। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार के शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री महेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष संजय यादव, अमित बजाज, जिला मंत्री भरत यादव, जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल, सह कार्यालय मंत्री दिलीप चौरसिया, नेत्र शिविर जिला प्रभारी संतोष रोहित, पूर्व जिला महामंत्री सतीश तिवारी, मंडल अध्यक्ष रमाकांत बाजपेई, रीतेश सोनी, मोंटी रैकवार, नीलेश सिंघई, रिंकू गोस्वामी, संदीप शर्मा, पवन तिवारी, अमित राय, पार्षद यशपाल राजपूत, लालू जैन, अखिलेश सिंह घोषी, महेंद्र राठौर, आदित्य सिरोठिया, देवल कटारिया, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी, सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल एवं नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुधा राय, डॉ प्रशांत रोहित, डॉ शैलेष अहिरवार, कल्लू तिवारी एवं स्टॉफ सहित अन्य कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। शिविर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों की जांच में सहयोग किया। आयोजन के दौरान मरीजों को आंखों की नियमित जांच, आंखों की देखभाल तथा चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार उपचार कराने के संबंध में भी जानकारी दी गई। निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर से लाभान्वित हुए नागरिकों ने इस पहल के लिए आयोजकों एवं चिकित्सकीय टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

'ने करो-14' पुस्तक का हुआ विमोचन

दमोह। दमोह के लेखक सत्येंद्र तुलाराम साहू द्वारा लिखित प्रेरणादायी पुस्तक 'ने करो-14' का भव्य विमोचन भोपाल के हिंदी भवन, श्यामला हिल्स मंं आयोजित धन्य धन्य बुन्देल धरा रानी दुर्गावती जयंती कार्यक्रम में किया गया। ने करो 14 पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य रजनीश अग्रवाल, करुणाधाम आश्रम के पंडित सुदेश शांडिल्य जी, मेला विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद गोटिया, मानव अधिकार आयोग चेयरमेन अवधेश प्रताप सिंह, हनुमान अंश फ़िल्म के बाल कलाकार साध्वीक शर्मा भाजपा प्रदेश



पदाधिकारी अभय प्रताप सिंह, हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर भोपाल मालती राय , साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे, साध्वी हर्षानन्द गिरी, रामबाबू शर्मा, आयोजक कवि सुमित ओरछा एवं विशिष्ट अतिथियों ने पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहित्य,कला एवं सामाजिक, सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोग मौजूद रहे। लेखक सत्येंद्र तुलाराम साहू ने बताया कि 'ने करो' की यात्रा नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर बढ़ने के उद्देश्य से शुरू हुई थी। ने करो 14के स्पॉन्सर कमलजीत सिंह सलूजा टी एम इंटरप्राइजेज दमोह फ्रंट कबर डिजायनर आशुतोष वर्मा, बेक कबर नेहा साहू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पाठकों के स्नेह, सहयोग और निरंतर प्रोत्साहन के चलते प्रथम संस्करण से लेकर 13 वें संस्करण तक का सफर सार्थक और प्रेरणादायी रहा। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए अब 'ने करो-14 पाठकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पाठकों का स्नेह और आशीर्वाद इसी तरह मिलता रहा तो बहुत जल्द 'ने करो-15' भी प्रस्तुत किया जाएगा।उन्होंने बताया कि आगामी 15वें संस्करण का विमोचन 24 अक्टूबर ,शनिवार को शाम 7 बजे रविंद्र भवन भवन,भोपाल में देवोत्तर सेवा फाउंडेशन के द्वारा शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम में किया जायेगा ।सफल कार्यक्रम का संचालन दीदी पूर्वा द्विवेदी एवं आभार कार्यक्रम के आयोजक कवि सुमित ओरछा ने किया. सुप्रसिद्ध लोक गायका कविता शर्मा एवं लोक नृत्य दीपेश पांडे नृत्य टीम ने शानदार प्रस्तुति देकर सम्पूर्ण बुंदेलखंड के महापुरुषों और बुंदेलखंड की विरासत को मंच पर जीवंत किया।

शक्ति का उपयोग सृजन में करें, विध्वंस में नहीं : मुनि श्री समतासागर जी



कुण्डलपुर। मनुष्य के पास अपार सामर्थ्य है। वह अपनी शक्ति और बुद्धि का उपयोग रचनात्मक कार्यों में करे तो समाज और देश का निर्माण कर सकता है, लेकिन यही शक्ति गलत विचारों के हाथों में पहुंचकर विनाश का कारण बन सकती है। यह उद्गार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने कुण्डलपुर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि साधन महत्वपूर्ण नहीं, उसका उपयोग करने वाले की सोच और संस्कार महत्वपूर्ण हैं। युगादि पुरुष भगवान आदिनाथ ने प्रजा को जीवन-निर्वाह के साधन बताए, साथ ही जीवन-निर्माण और अंततः निर्वाण का मार्ग भी दिखाया। इसी तरह चाकू डॉक्टर के हाथ में जीवन बचाने का साधन बनता है, जबकि गलत हाथों में वही विनाश का कारण बन सकता है। इसलिए मनुष्य अपनी शक्ति का उपयोग किस दिशा में करता है, यह उसके विचारों और संस्कारों पर निर्भर करता है। मुनि श्री ने कहा कि केवल रोटी, कपड़ा और मकान की व्यवस्था कर लेना जीवन का उद्देश्य नहीं है। पशु-पक्षी भी अपने भोजन और रहने की व्यवस्था कर लेते हैं। मनुष्य को विवेक और विचार की विशेष क्षमता मिली है, इसलिए उसे पहले अपने व्यक्तित्व का निर्माण, फिर परिवार और समाज का निर्माण तथा राष्ट्र और मानवता के हित में सृजनात्मक भूमिका निभानी चाहिए। भगवान आदिनाथ ने भी निर्वाह से आगे बढ़कर निर्माण और फिर निर्वाण का मार्ग अपनाया। मुनि श्री ने विमान में हुई एक घटना का उदाहरण देते हुए कहा कि आतंकवादी गतिविधियां किस हद तक विनाशकारी हो सकती हैं, इसके उदाहरण देश-दुनिया के सामने हैं। लेकिन संकट की उसी घड़ी में एक पायलट ने साहस, संयम और सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान का नियंत्रण नहीं छोड़ा। स्वयं घायल होने के बावजूद उसने अपना मानसिक संतुलन बनाए रखा और संघर्ष करते हुए हमलावर को काबू में लेने में सहयोग किया। इससे विमान में सवार यात्रियों की जान बची और बड़ी दुर्घटना टल गई। उन्होंने कहा कि यह घटना बताती है कि अहिंसा केवल किसी पर प्रहार नहीं करने का नाम नहीं, बल्कि विपरीत परिस्थिति में भी संयम और विवेक बनाए रखने की शक्ति है। एक अहिंसक व्यक्ति ने अपने संकल्प और साहस से हिंसक व्यक्ति को परास्त किया।

उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति आक्रमण की नहीं, आत्मरक्षा की संस्कृति है। देश की सीमाओं, आसमान और समुद्र में तैनात जवान और अधिकारी इसी भावना से देशवासियों की सुरक्षा में अपना योगदान दे रहे हैं। भगवान आदिनाथ ने भी प्रजा को संरक्षण देते हुए आजीविका के साधन बताए और जीवन को निर्माण तथा आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया। इसलिए अपनी ऊर्जा और सामर्थ्य का उपयोग विध्वंसात्मक गतिविधियों में नहीं, बल्कि जीवों की रक्षा, समाज सेवा और रचनात्मक कार्यों में करना चाहिए।

नवरात्रि में गौरीशंकर ग्राउंड में सजेगा तीन दिवसीय गरबा महोत्सव

उपकाशी गरबा महोत्सव समिति के तत्वावधान में 15 से 17 अक्टूबर तक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

नगर में इस बार भी शारदीय नवरात्र खास होने जा रही है। मां की भक्ति, हिंदी, गुजराती गीतों और डांडिया की खनक के साथ गरबा की रंगीन शाम सजने वाली है। गरबा महोत्सव में धूम मचाने के लिए में युवतियों व महिलाओं का जोश सातवें आसमान पर है। उपकाशी गरबा महोत्सव समिति द्वारा इस बार तीन दिवसीय डांडिया महोत्सव की तैयारी की गई है। शहर में इसे लेकर खासा उत्साह का माहौल है। नवरात्रि के दौरान आयोजित होने वाले इस महोत्सव में शहर की महिलाएं बच्चियों साथ डांडिया एवं गरबा की उमंग में शामिल हो सकेंगी। महोत्सव का आयोजन 15 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से गौरीशंकर मंदिर प्रांगण दादा कला मंच के सामने ग्राउंड में किया जाएगा। इस बार भी तीन दिनों तक डांडिया और गरबा की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ महोत्सव को खास बनाने को तैयारियां की जा रही हैं। दद्दा कला मंच ग्राउंड में संगीत, डांडिया और उत्सव का माहौल देखने को मिलेगा। आयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार और मित्रों के साथ इस तीन दिवसीय डांडिया महोत्सव में अधिक से



अधिक संख्या में शामिल हों और उपकाशी गरबा महोत्सव समिति के इस आयोजन को सफल बनाएं। जिसको लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गरबा उत्सव को लेकर इस बार विशेष तैयारियां की जा रही है। पारंपरिक गुजराती गीतों के साथ मां की भक्ति से जुड़े गीतों पर गरबा और डांडिया होगा। महिलाएं, बालिकाएं परिवार के साथ उत्सव का हिस्सा बन सकेंगी। आयोजन का उद्देश्य शहरवासियों को संस्कृति, संगीत और मनोरंजन से भरी यादगार शाम देना है।

गरबा और डांडिया के स्टैप्स सिखाए जा रहें हैं-

आयोजन को लेकर उमा पैलेस के पास मैरिज गार्डन में गरबा ट्रेनर कल्याणी ताम्रकार द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें गरबा और डांडिया के स्टैप्स सिखाए जा रहें है। हर बार की तरह इस बार भी आयोजन में हजारों महिलाओं के शामिल होने की उम्मीद है। प्रतिदिन 300 से ज्यादा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण व गरबा महोत्सव में भाग लेने के लिए आवेदन समिति द्वारा रजिस्ट्रेशन किया जा रहे हैं। गरबा डांडिया की विभिन्न शैलियों और नृत्य की बारीकियां सिखाई जा रही है। समिति का उद्देश्य महोत्सव में शामिल होने वाली महिलाओं और युवतियों को पहले से तैयार करना है, ताकि वे आयोजन के दौरान बेहतर प्रस्तुतियां दे सकें। आयोजकों ने बताया कि गरबा डांडिया प्रशिक्षण में युवतियों को तालियों, पैरों की गति और डांडिया की छड़ियों के तालमेल से जुड़े स्टेप बताए जाएंगे, जिनमें बे ताली और तीन ताली प्रमुख हैं। इसके अलावा हिंच स्टेप में शरीर को आगे-पीछे और साइड में झुकाकर हाथों की मुद्राओं के साथ नृत्य करना बताया जाएगा।

हरिभूमि
दमोह भूमि

10

जबलपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

हटा | जबेरा | पथरिया | तेन्दूखेड़ा | तेजगढ़ | बटियागढ़ | हिण्डोरिया | बनवार | सिंगपुर | पटेरा | बांदकपुर | नरसिंहगढ़ | हिनौता | कुण्डलपुर

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा हुई सम्पन्न

दमोह। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स ज्ञानवन्द्ध श्रीवास्तव, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं परीक्षा प्रभारी डॉ. के.के.कोरी तथा एन.सी.सी. अधिकारी केप्टन डॉ. के.एस.बामनिया के निर्देशन में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा में गायत्री शक्ति पीठ के जिला संयोजक बी.पी.गर्ग, अधिवक्ता पंकज हर्ष श्रीवास्तव तथा प्रशासनिक अधिकारी डॉ. हरिओम दुबे की उपस्थिति रही एवं एकता मसीह, डॉ. राहुल कुमार दुबे, दीपा पाण्डे का विशेष सहयोग रहा है।

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कल

दमोह। आगामी पर्व नवदुर्गा गरबा दशहरा चल समारोह, दीपावली एवं गुरूनानक जयंती पर्व पर कानून व्यवस्था के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन 08 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया है, संबंधितो की उपस्थिति अनिवार्य है।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का हुआ शुभारंभ

दमोह। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु कार्यक्रम के तहत जबेरा, हटा, पथरिया एवं दमोह शहरी क्षेत्र में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिए विशेष नेत्र स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में किये गये। इन शिविरों के साथ ही जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का भी भव्य शुभारंभ किया गया, जिसके तहत बच्चों को पेट के कीड़े मारने की दवा अल्बेंडाजोल गोली खिलाई गई। जबेरा में आयोजित मुख्य शिविर का शुभारंभ प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। वहीं, हटा में आयोजित शिविर की शुरुआत विधायक उमा देवी लालचंद खटीक की उपस्थिति में की गई।

विद्या हॉस्पिटल की बढ़ीं मुश्किलें

मरीज की मौत के मामले में न्यायालय में परिवाद दायर, 10 दिन में मांगी जांच रिपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

शहर के चर्चित विद्या हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर एवं डॉ. पीताम्बर बुधवानी के खिलाफ मंगलवार (6 अक्टूबर) को न्यायालय में धारा 223 बीएनएसएस (BNSS) के तहत परिवाद पत्र दाखिल किया गया है। आवेदिका बृजरानी बसोर ने अधिवक्ता अंकुर शर्मा के माध्यम से भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 106, 318(4) एवं 61(2) के तहत यह आपराधिक परिवाद प्रस्तुत किया है।

हाल ही में हिंडोरिया निवासी एक मरीज की ऑपरेशन के दौरान हुई मौत के बाद से सुर्खियों में आए विद्या हॉस्पिटल और डॉ. बुधवानी के खिलाफ अब यह दूसरा बड़ा कानूनी मामला सामने आया है।

ऑपरेशन के बाद बिगड़ती गई थी स्थिति

मामला वर्ष 2024 का है, जब आवेदिका अपने पति बोरा बसोर को अचानक अत्यधिक पेट दर्द होने पर इलाज के लिए डॉ. पीताम्बर बुधवानी के विद्या हॉस्पिटल लाई थीं। यहाँ मरीज के पेट का ऑपरेशन किया गया, लेकिन ऑपरेशन के बाद से ही उनकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। आखिरकार गंभीर स्थिति के चलते नवंबर 2024 में मरीज की मृत्यु हो गई।

प्रशासनिक अनदेखी

मरीज की मौत के बाद थाना कोतवाली में मर्ग क्रमांक 84/2024 कायम किया गया था। उक्त मर्ग की जांच सहायक उप निरीक्षक (ASI) राकेश पाठक द्वारा की गई थी, जिन्होंने मामले में खातमा की कार्यवाही कर दी थी। आवेदिका एवं उनके परिजनों द्वारा डॉक्टर की लापरवाही को लेकर बयान दर्ज कराने तथा पुलिस अधीक्षक (SP) से गुहार लगाने के बावजूद कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस की इस कार्यप्रणाली से व्यथित होकर पीड़िता को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी।

न्यायालय ने लिया संज्ञान

आवेदिका द्वारा प्रस्तुत प्राइवेट कंप्लेंट (परिवाद) पर न्यायालय ने गंभीरता से संज्ञान लिया है। अदालत ने थाना कोतवाली को उक्त मर्ग प्रकरण (84/2024) में की गई अब तक की जांच का प्रतिवेदन (Report) 10 दिवस के भीतर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। कोर्ट के इस सख्त रुख से संबंधित चिकित्सक एवं अस्पताल प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं।

दशहरा-दीपावली पर्वों को लेकर सकल हिंदू समाज की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय

नीलकमल गार्डन में श्री रामजी सेवा समिति, श्री राम दल सेवा समिति सहित विभिन्न समितियों की हुई बैठक



दमोह। सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में श्री रामजी सेवा समिति, श्री राम दल सेवा समिति, दुर्गा पंडाल समितियों एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं की संयुक्त बैठक सोमवार 5 अक्टूबर को शाम 7 बजे नीलकमल गार्डन में आयोजित की गई। बैठक में आगामी शारदीय नवरात्र, दशहरा एवं दीपावली पर्वों को हर्षोल्लास और सुव्यवस्थित ढंग से मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रारंभ में सकल हिंदू समाज के जिलाध्यक्ष कपिल सोनी ने बैठक के उद्देश्य एवं विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने आयोजन को लेकर अपने सुझाव रखे। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष शारदीय नवरात्र की घट स्थापना 11 अक्टूबर से होगी। जवारा विसर्जन की दिन-गणना के अनुसार 19 अक्टूबर को महानवमी तथा 20 अक्टूबर को दशहरा का भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। वहीं 18 अक्टूबर रविवार को रामदल तथा 19 अक्टूबर सोमवार को रावण दहन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में नवरात्र एवं दशहरा पर्व के दौरान शहर की मूलभूत व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर भी चर्चा हुई। बिजली एवं जलापूर्ति व्यवस्था, सड़कों पर बने गड्ढों की मरम्मत, जवारों के विसर्जन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन के समक्ष मांग एवं सुझाव रखने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में श्री रामजी सेवा समिति दमोह के सेवादार एडवोकेट अनुनय श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन युवा सकल हिंदू समाज के जिलाध्यक्ष मोंटी रैकवार ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया कि सभी सनातन धर्मावलंबी आगामी पर्वों को आपसी एकजुटता, भाईचारे एवं हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे।

आंखों की नियमित जांच जरूरी, नागरिक शिविरों का लाभ लें - राज्यमंत्री

दमोह। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा सेवा संकल्प और सेवा योगदान के तहत नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी आंखों का परीक्षण अवश्य कराएं और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर जांच कराकर आवश्यक उपचार का लाभ लें। उन्होंने कहा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक घर-घर पहुंचाने पर जोर दिया। शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय से आए डॉ. अंकित सेन एवं श्री महेश साहू द्वारा करीब 200 व्यक्तियों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत पात्र हितग्राहियों को राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। शिविर के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।



त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त, संदिग्धों की फ्रिस्किंग कर की पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



आगामी प्रमुख त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से दमोह पुलिस ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस अधीक्षक श्री आनंद कलादगि के नेतृत्व में जिला पुलिस बल ने शहर के प्रमुख एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस टीमों ने सघन फ्रिस्किंग एवं तलाशी अभियान भी चलाया। फ्लैग मार्च के दौरान प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं गलियों में संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई तथा उनकी तलाशी ली गई। पुलिस ने अवैध हथियार, मादक पदार्थ एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री के संभावित परिवहन पर नजर रखते हुए विभिन्न स्थानों पर औचक जांच की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य असामाजिक तत्वों को कानून-व्यवस्था के प्रति स्पष्ट संदेश देना और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत करना है। त्योहारों के दौरान देर रात तक बाजारों में रहने वाले नागरिकों, महिलाओं एवं व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर भी पुलिस की सक्रिय मौजूदगी सुनिश्चित की जा रही है। सभी थाना प्रभारियों एवं संबंधित बीट प्रभारियों को क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, फिक्स पिकेट्स पर सतर्कता बनाए रखने तथा लगातार चेकिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने नागरिकों से भी त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

एसपी ने सुनीं आमजन की समस्याएं



दमोह। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक श्री आनंद कलादगि द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, आपसी रंजिश, घरेलू विवाद, महिला सुरक्षा, आर्थिक लेन-देन व साइबर धोखाधड़ी से संबंधित कई मामले पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किए गए। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके प्रार्थना पत्रों का गहनता से अवलोकन किया और कई मामलों में मौके से ही संबंधित थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों को फोन पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों की जांच निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से की जाए।थानों में आने वाले प्रत्येक नागरिक के साथ शालीन व्यवहार करने और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। पुलिस अधीक्षक ने आमजन को आश्वस्त किया कि जिला पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने और हर नागरिक की सुरक्षा व सहयोग के लिए सदैव तत्पर है।

शराब के नशे में युवक ने किया फांसी लगाने का प्रयास

पटेरा। दमोह जिले के पटेरा थाना क्षेत्र में शराब के नशे में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो मंगलवार शाम सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और समय रहते युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।जानकारी के अनुसार सोमवार रात गश्त के दौरान पटेरा पुलिस को एक महिला ने सूचना दी कि उसका बेटा अत्यधिक शराब के नशे में है और खुद को कमरे में बंद कर फांसी लगाने की बात कह रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रचना मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची।पुलिस के पहुंचने पर युवक ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर रखा था। पुलिसकर्मियों ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। खिड़की से देखने पर युवक फंदे पर लटकने का प्रयास करता दिखाई दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल दरवाजा तोड़ा और कमरे में पहुंचकर युवक को पकड़ लिया। रस्सी काटकर उसे सुरक्षित नीचे उतारा गया।पुलिस के अनुसार युवक की पहचान पुष्पेंद्र लोधी (25) के रूप में हुई है। घटना के समय वह शराब के नशे में था। युवक को समझाइश देने के बाद उसने भविष्य में इस प्रकार का कदम नहीं उठाने तथा शराब का सेवन नहीं करने की बात कही।पुलिस की तत्परता से टली अनहोनीसमय पर पुलिस के पहुंचने और त्वरित कार्रवाई से युवक की जान बच गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रचना मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक संतोष सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक प्रमोद चौबे, प्रधान आरक्षक रूपलाल रजक एवं आरक्षक हनुमत कुर्मी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जनसुनवाई में 224 आवेदनों पर हुई सुनवाई



दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 (व्यारमा) में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 224 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 20 आधार अपडेशन एवं 176 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर राकेश मोहन त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह, डिप्टी कलेक्टर संजय दुबे, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

कलेक्टर की अध्यक्षता में होगी समन्वय बैठक

भूमि, विस्थापन, सीमांकन एवं आजीविका के मुददों पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

वन भूमि,राजस्व भूमि अधिकार, वनाधिकार कानून, विस्थापन, सीमांकन एवं आजीविका से जुड़े आदिवासियों एवं वन्य निवासियों के विभिन्न जटिल होते जनहितैषी मुददों के शांतिपूर्ण एवं स्थायी समाधान को लेकर जिला कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष मे आगामी 08 अक्टूबर 2026 दिन बृहस्पतिवार शाम 05 बजे से कलेक्टर श्री प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में जिला समन्वयं बैठक आयोजित होगी। इस सम्बन्ध मे जनजातीय कार्य विभाग संयोजक आदिति शाण्डिल्य एवं म. प्र. एकता परिषद के जिला समन्वयक सुजात खान ने बताया कि जिला समन्वयं बैठक मे वन विभाग, राजस्व विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, जिला पंचायत, जनपद पंचायत के अधिकारियों के अलावा गैर शासकीय जिला वनाधिकार समिति सदस्य, जन संगठन एकता परिषद के जिला के चयनित 40 मुखिया एवं इस मुददे पर कार्यरत कुछ सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता एवं समाज शिल्पी शामिल होंगे। जिला समन्वयक एवं समाज शिल्पी सुजात खान ने बताया कि संगठन के बैनर तले 23 सितम्बर 2026 को किये गये जिला स्तरीय आन्दोलन के अलावा विगत दिनों कई महीनों से सतत जिला दमोह मे आदिवासियों एवं वन्य निवासियों के जटिल होते वनाधिकार कानून, राजस्व कानून, भूमि अधिकार, विस्थापन, सीमांकन एवं आजीविका के विभिन्न मुद्दे अहिंसात्मक रूप से ब्लॉक एवं जिला स्तर उठाये जा रहे थे। एवं इनके स्थायी एवं शांतिपूर्ण निराकरण हेतु कलेक्टर, वन विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग से पीड़ितों एवं जन संगठन एकता परिषद के व्दारा जिला स्तरीय समन्वयं बैठक रखने की मांग लगातार की जा रही थी। अन्ततः जिला शासन-प्रशासन ने संगठन के अहिंसात्मक आन्दोलनों को संवेदनशीलता के साथ संज्ञान मे लेकर सम्मान किया। जन संगठन एकता परिषद ने जिला समन्वयं बैठक आयोजित करने पर जिला शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त कर संगठन के सभी चयनित मुखियाओं से अपने क्षेत्र के मुददों के साथ बैठक में समय पर उपस्थिति की अपील की है।

जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

दमोह। जनगणना के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर 5 एवं 6 अक्टूबर को तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं नगरीय निकायों के सीएमओ के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की प्रक्रिया, डिजिटल माध्यम से गणना एवं संबंधित दायित्वों की जानकारी दी गई। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा जनगणना का द्वितीय चरण फरवरी 2027 में प्रारंभ किया जाना है। इस बार जनगणना डिजिटल फॉर्म में मोबाइल ऐप के माध्यम से की जाएगी। गणना ऑनलाइन दर्ज कर सबमिट की जाएगी, जिससे निर्धारित समय-सीमा में डाटा एकत्रित कर प्रक्रिया को पूर्ण किया जा सकेगा। कलेक्टर श्री यादव ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरी सजगता एवं सक्रियता से संपादित करें। उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े राष्ट्र के समृद्ध एवं विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भावी योजनाओं के निर्माण में अत्यंत उपयोगी होंगे। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर क्षेत्रीय एवं समग्र विकास की योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाएगी। जनगणना का डाटा विकास योजनाओं की नींव और आधारशिला के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ संवेदनशील भी है। इसलिए फील्ड में आमजन से संपर्क करने वाले अधिकारी-कर्मचारी विनम्र, संवेदनशील, सहयोगात्मक एवं मर्यादित व्यवहार रखें। आमजन को अपनी जानकारी सहजता से उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की झिझक या असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों से जनगणना कार्य को पूरी जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ संपादित करने की अपेक्षा की।

बस स्टैंड को व्यवस्थित करने आरटीओ ने दिए निर्देश

दमोह बस स्टैंड पर अनावश्यक रूप से खड़ी होने वाली बसों को दूसरी जगह रखने के निर्देश आरटीओ स्वाति पाठक के द्वारा बस संचालकों को दिए गए हैं। सोमवार शाम यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को के साथ जिला परिवहन अधिकारी ने बस स्टैंड परिसर का निरीक्षण किया और यात्रियों को बेहतर व्यवस्थाएं देने के निर्देश उनके द्वारा दिए गए। दरअसल सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एसपी, कलेक्टर की मौजूदगी में इस बात की जानकारी सामने आई थी कि बस स्टैंड पर अनावश्यक रूप से एसी बसें खड़े रहती हैं जो या तो बिगड़ी हैं या कंडम हालत में है। इस वजह से अन्य दूसरी बसों को खड़े होने के लिए जगह नहीं होती और आए दिन जाम के हालात बनते हैं। इसी के मद्दे नजर सोमवार शाम जिला परिवहन अधिकारी स्वाति पाठक यातायात पुलिस के साथ बस स्टैंड पहुंची और परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि एसपी, कलेक्टर की मौजूदगी में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यह मुद्दा उठा था कि यात्रियों को अच्छी सुविधा मिले। आगामी त्यौहार आ रहे हैं इसलिए यात्रियों की संख्या भी बस स्टैंड पर बढ़ेगी उनकी सुविधाओं को देखते हुए बस संचालकों को निर्देश दिए हैं कि यात्रियों के लिए अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई जाए और अनावश्यक रूप से जो बसे बस स्टैंड परिसर में खड़ी होती हैं उन्हें कहीं और खड़ा करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

ग्रामीण अंचल के स्कूलों में छात्रों के लिए शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं

स्वच्छता अभियान के दावों के बीच विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, छात्र-छात्राएं परेशान

गैसाबाद। सरकार एक ओर स्वच्छता अभियान के तहत लाखों-करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं ग्रामीण अंचल के कई शासकीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा तक समुचित रूप से उपलब्ध नहीं है। गैसाबाद संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले कई विद्यालयों में शौचालयों की खराब स्थिति के कारण विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार ग्राम की प्राथमिक बालक शाला में छात्रों के लिए वर्तमान में शौचालय की सुविधा नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में पहले शौचालय बना हुआ था, जिसका उपयोग छात्र करते थे। स्कूल परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के दौरान पुराने शौचालय को तोड़ दिया गया और उसी स्थान पर आंगनबाड़ी भवन बना दिया गया। इसके बाद नया शौचालय नहीं बनाया गया।

शौचालय की सुविधा नहीं होने से छात्रों को खुले में जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इसी तरह ग्राम की कन्या शाला एवं मिडिल स्कूल में भी विद्यार्थियों के लिए शौचालयों की स्थिति संतोषजनक नहीं बताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार गरैह, संजयनगर, बुढ़वार और तवरैया सहित आसपास के कई विद्यालयों में भी विद्यार्थियों को सुविधाजनक शौचालय उपलब्ध नहीं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बुढ़वार की शाला में शौचालय के अलावा भी कई अनियमितताएं देखने को मिलती हैं। विद्यार्थियों ने बताया कि विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं है, जिसके कारण उन्हें घर से पानी की बोतल लानी पड़ती है। ग्रामीण अंचल में संचालित कुछ निजी विद्यालयों में भी सुविधाओं की कमी की शिकायतें सामने आ रही हैं। कई स्कूलों में विद्यार्थियों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है और खेल मैदान की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। छोटे कमरों में निर्धारित संख्या से अधिक विद्यार्थियों को बैठाए जाने की बात भी ग्रामीणों ने कही है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का नियमित निरीक्षण नहीं किए जाने के कारण व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने शासकीय विद्यालयों में सुविधाजनक एवं स्वच्छ शौचालयों के साथ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने जिले में आज से विशेष कैम्प

दमोह । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र श्री संजीव कुमार झा ने मंगलवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के निर्वाचन सदन भोपाल से वर्चुअल बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश भर में 7, 8 और 9 अक्टूबर को पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए प्रदेश के प्रत्येक मतदान केंद्र में विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान किसी भी मतदाता से फार्म 6 के अलावा घोषणा पत्र नहीं लिया जाएगा। सभी जिला उप निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने व्यापक स्तर पर प्रचार प्रचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं की उम्र 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की गई है उनके भी फॉर्म लिए जाएंगे। इसके साथ ही 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए एडवांस में फॉर्म जमा कराए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए ऑनलाइन की भी सुविधा प्रदान की गई है। कोई भी मतदाता voters.eci.gov.in पर अथवा ECINET mobile app पर जाकर अपना नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

श्री झा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा की वे इस ऑनलाइन प्रक्रिया को व्यापक रूप से प्रचारित करें और युवा मतदाताओ को खास तौर पर ऑनलाइन आवेदन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुए अब तक के कार्यों की समीक्षा भी की। इंदौर तथा विदिशा में अच्छी प्रगति के लिए सराहना की। जो जिले इस कार्य में पिछड़े हैं उन्हें प्रगति के निर्देश दिए। दमोह जिले के समस्त मतदान केंद्रो पर आज 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर को पात्र मतदाताओ के नाम जोडने शिविर लगाये जायेगे।